ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 05-04-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-04-05 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-04-06	2022-04-07	2022-04-08	2022-04-09	2022-04-10
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	26.0	26.0	25.0	26.0	26.0
न्यूनतम तापमान(से.)	11.0	11.0	11.0	12.0	12.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	30	25	25	25
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	20	20	20	20	20
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	310	320	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 25.0 से 26.0 व 11.0 से 12.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 10 से 16 अप्रैल के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पुष्पन के समय बगीचो की जुताई न करें तथा आवश्यकतानुसार बागो की सिंचाई करे। गेहूँ व अन्य बीज हेतु बोई गई फसलों में फसल पकते समय अंतिम रोगिंग कर अवांछनीय पौधों जैसे अन्य प्रजातियों एवं दूसरे तरह की बालियों एवं खरपतवारों को खेत से निकालकर नष्ट कर दें। तथा खलिहान की पूरी तरह सफाई कर दें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मौसम शुष्क रहेगा। आम मे बौर आने की अवस्था पर सिंचाई न करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	घाटियों में बोई गई फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। तैयार फसल की कटाई कर लें। मध्यम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में असिंचित फसल में 2 प्रतिशत यूरिया का घोल बनाकर पर्णीय छिड़काव करें।
चावल	पर्वतीय क्षेत्रों में, असिंचित दशा में चेतकी धान की बुवाई करें।
मसूर की दाल	परिपक्क फसल की सावधानीपूर्वक कटाई व मड़ाई कर उपज को भंडारित कर लें।
फील्ड पी	परिपक्क फसल की सावधानीपूर्वक कटाई व मड़ाई कर उपज को भंडारित कर लें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आलू	घाटियों में आलू की फसल में झुलसा बीमारी से बचाव के लिए 0.25 प्रतिशत इण्डोफिल-45 का घोल बनाकर छिड़काव करें, सिंचाई करें व 50 किग्रा यूरिया/है0 की इर से खड़ी फसल में डालें। खेत की तैयारी के समय 200 कुन्तल गोबर की सड़ी खाद डाले ताथा उपलब्धतानुसार आखिरी जुताई पर रासायनिक उर्वरक का भी प्रयोग करें तथा 60 सेमी की दूरी पर मेड़ बनाकर इन पर 15 सेमी की दूरी पर बीज बोयें।
टमाटर	घाटी क्षेत्रो में यदि टमाटर की पौध तैयार हो गई हो तो संस्तुति के अनुसार पौध रोपण करे। मध्यम ऊँचे पर्वतीय घाटी क्षेत्रो, में टमाटर के बीज की बुवाई पॉलीहाउस या पॉलीनेट के भीतर करे। पूर्व में बोई गई फसल में आवश्यमतानुसार निराई-गुड़ाई व सिंचाई करें। झुलसा बीमारी से बचाव के लिए 0.25 प्रतिशत इण्डोफिल-45 नामक दवा का घोल बनाकर एक छिड़काव करें|

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूर पिलाये।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गियों के अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उनके आवास के तापमान का विशेष ध्यान रखें, उन्हें खाने के लिए सन्तुलित आहार दें तथा साफ-सुथरा एवं ताजा जल उपलब्ध करायें।